मुख्यालय
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(ISO 9001-2008 certified)
पंचदीप भवन,सी.आई.जी मार्ग
नई दिल्ली-110002

ई-13/12/17/2018-जं.सं दिनांक. **25.02.2019**

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 24.02.2019 को ई.एस.आई.औषधालय, मिर्ज़ापुर का लोकार्पण

ई.एस आई औषधालय (टी. बी चिकित्सालय परिसर) बथुआ रोड, मिर्ज़ापुर (उत्तर प्रदेश) के पुनर्निर्मित भवन का लोकार्पण श्रीमती अनुप्रिया पटेल, माननीय स्वास्थ्य एवं कल्याण राज्य मंत्री, भारत सरकार द्वारा दिनांक 24.02.2019 को श्री रत्नाकर मिश्र, माननीय विधायक, सदर मिर्ज़ापुर की उपस्थिति में किया गया।

दिनांक 19.03.1959 से मिर्ज़ापुर जनपद का नगरपालिका क्षेत्र ई.एस.आई एक्ट,1948 के तहत व्याप्ति मे है। दिनांक 01.01.2017 से समुचा जनपद व्याप्ति में लिया गया है। वर्तमान में लगभग 150 नियोजक एवं 6124 कर्मचारी ई.एस.आई एक्ट के तहत पंजीकृत है।

इस अवसर पर ई.एस.आई.सी द्वारा जागरूकता सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। इस शिविर मे ई.एस.आई.सी में पंजीकृत बीमाकृतों एवं उनके परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें विभिन्न बीमारियों की जांच एवं तत्संबंधी दवाओं का वितरण व बीमारियों से बचने हेतु परामर्श एवं सुझाव दिए गए।

भारत में वर्ष 1952 में अपनी शुरूआत से कर्मचारी राज्य बीमा निगम अब तक 154 अस्पतालों, 1500/148 औषधालयों /आई.एस.एम. ईकाई , 815 शाखा/भुगतान कार्यालयों 64 क्षेत्रीय/उप क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना कर चुका है तथा उपरोक्त संस्थानों के द्वारा पूरे देश में 10.33 लाख कारखानों एवं प्रतिष्ठानों में कार्यरत लगभग 3.43 करोड़ बीमाकृत व्यक्ति/परिवार को योजना के हितलाभ मिल रहे हैं ।

****